हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 सितंबर 2025

13 ,राम स्वराज किसान मोर्चा व गो किसान समृद्धि ट्रस्ट ...



14 अवैध कचरा प्वाइंट पर नप की चाबुक...



**खबर संक्षेप**

### मुक्केबाज जैसमीन का स्वागत जुलूस आज

**भिवानी।** मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया का 17 सितंबर को स्वागत जुलूस निकाला जाएगा। मुक्केबाज जैसमीन का स्वागत करने के लिए



खेलप्रेमी राजपूत धर्मशाला में एकत्रित होंगे और इसके बाद मुक्केबाज जैसमीन का स्वागत जुलूस निकाला जाएगा, जो रोहतक चौक राजपूत धर्मशाला से महम गेट, हांसी गेट, घंटाघर चौक, दिनोद गेट, जोगीवाला शिव मंदिर होते हुए ढाणी महताबदास धर्मशाला में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह शिरकत करेंगे।

### भारतीय किसान यूनियन का सांकेतिक धरना कल

**भिवानी।** बाजरे व धान की सरकारी खरीद शुरू करवाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) चंढूनी ने 18 सितंबर को बड़ा सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। यह धरना प्रदर्शन भिवानी के उपायुक्त कार्यालय के सामने सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक होगा। धरने का नेतृत्व भाकियू के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य करेंगे। धरने को लेकर किसानों ने चेतावनी दी कि सरकार ने धरने के बाद भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो वे सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने बताया कि बाजरे व धान की फसलें पककर तैयार हैं और जल्द ही बाजार में आने वाली हैं। किसानों को डर है कि समय पर सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई तो उन्हें अपनी फसलें औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ेंगी, जिससे उन्हें भारी नुकसान होगा।



**भिवानी।** डीसी को ज्ञापन सौंपता आढ़ती एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

### आढ़ती एसो. प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी।** आढ़ती एसो. अनाजमंडी चरखी दादरी के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त मनीष नागपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को बाजरा की समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद जल्द से जल्द करवाने की मांग की। आढ़ती एसोसिएशन अनाजमंडी के प्रधान मोहनलाल मकड़ानिया के नेतृत्व में अनाजमंडी कार्यकारिणी के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त नागपाल को खरीफ की फसल बाजरा की सरकारी खरीद शीघ्र अति शीघ्र करवाने की मांग की। उन्होंने डीसी नागपाल को अवगत करवाया कि खेत से किसान अपनी फसल निकालकर घर ले जाने की जगह सीधे अनाजमंडी में बिक्री के लिए लेकर आता है।

## जुई का जमीनी विवाद : हत्यारोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर भड़के ग्रामीण

# दिल्ली-पिलानी हाईवे साढ़े पांच घंटे रखा जाम, शव के अंतिम संस्कार से इनकार





**भिवानी।** दिल्ली-पिलानी नेशनल हाइवे पर जाम लगाते कर्ण सिंह के परिजन व ग्रामीण और जाम लगाते परिजनों व ग्रामीणों को समझाते एसपी सुमित कुमार। फोटो : हरिभूमि

करीब डेढ़ माह तक दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने दम तोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी जिले के गांव जुई में जमीनी विवाद के चलते 29 वर्षीय युवक कर्ण सिंह की सोमवार को मौत हो गई, जिसके रोषस्वरुप परिजनों व ग्रामीणों ने दिल्ली-पिलानी नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। परिजनों व ग्रामीणों ने दिल्ली-पिलानी नेशनल हाईवे को करीब साढ़े पांच घंटे जाम रखा और आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक कर्ण सिंह के शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। जाम की सूचना पर पुलिस अधीक्षक व डीएसपी मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया।



इसके बाद बावजूद परिजन व ग्रामीण सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। उल्लेखनीय हैं कि जमीनी विवाद के चलते 28 जुलाई को जुई निवासी 29 वर्षीय कर्ण सिंह पर हमला हुआ और वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी 15 सितंबर सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। करीब डेढ़ माह तक दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद उसने दम तोड़ दिया। कर्ण की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और सोमवार सुबह करीब 10 बजे दिल्ली-पिलानी नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। करीब साढ़े पांच घंटे तक हाईवे पूरी तरह जाम रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गईं और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। परिजनों का कहना है कि जब तक सभी आरोपित गिरफ्तार नहीं हो जाती वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मृतक के भाई कृष्ण व रजनीश ने कहा कि पुलिस फरार आरोपितों को गिरफ्तार करे।

### एसपी के आश्वासन पर खोला जाम

घटना की सूचना मिलते ही भिवानी पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर अनूप कुमार और डीएसपी लोहारू राजीव मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसपी के आश्वासन के बाद दोपहर 2:37 बजे जाम खोला गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जुईकलां थाना पुलिस अब तक पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपितों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इस घटना से ग्रामीणों में गहरा रोष है और पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।



### कबाड़ी के गली में अतिक्रमण करने व नियमों का उल्लंघन करने वालों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नपा कर्मचारियों द्वारा सोमवार को नपा सचिव संदीप गर्ग के आदेशनुसार शहर में खुले में मास-मीट बचने, अवैध रूप से विज्ञापन करने वालों, कबाड़ी दुकानदारों द्वारा गली-सड़क पर सामान डालकर अतिक्रमण करने वालों, रेहड़ी-फड़ी चालों द्वारा कूड़ा फैकने वालों, प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले दुकानदारों के चालान काटने का अभियान चलाया। टीम द्वारा दर्जनों के करीबन चालान काटे और भविष्य में चेतावनी दी कि नियमों की उल्लंघना की गई तो विभागीय सख्त कार्यवाही की जाएगी।

#### 2500 रुपये के चालान काटे

नगर सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि अवैध रूप से बिना अनुमति के प्रचार करने वालों के दो चालान, अवैध रूप से सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों के एक चालान, प्लास्टिक प्रयोग करने वालों के दो चालान, वेस्ट मैटीरियल वालों के तीन चालान, मास मीट वालों के दो चालान काट गए इस प्रकार 2500 रुपये नपा के कोष में धनराशि जमा की गई जो सरकारी खजाने में जमा करवाई गई। उन्होंने बताया कि पॉलिथिन की बजाए दुकानदार कपड़े के बैग का प्रयोग करें व उपभोक्ताओं को भी इसके बारे में समझाएं की वे घर से बैग लेकर आए वहीं उन्होंने मास मीट बेचने वालों, अतिक्रमण करने वालों को भी चेताया कि वे अपनी सीमा में रहे। उन्होंने नियमों की पालना न करने पर कार्यवाही के संकेत दिए।

## नगर योजनाकार विभाग ने अवैध कॉलोनियों में तोड़े कई निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर योजनाकार विभाग द्वारा सोमवार को विभिन्न जगहों पर अवैध निर्माण के खिलाफ तोडफ़ोड़ का अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अवैध कॉलोनियों मे प्लाटों की खरीद-फरोस्त कर मकान निर्माण ना करें।

नगर योजनाकार विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विभाग ने जिला भिवानी के नियंत्रित क्षेत्र व



शहरी क्षेत्र, मौजा भिवानी-जोनपाल में मिनी बाईपास के समीप व कॉट-पूर्णपुरा रोड़ पर फैली 02 अवैद्य कॉलोनी (5.5 एकड़) में लगभग 14 डीपीसी, एक निर्माण, कच्चे रोड नेटवर्क व डिमार्केशन को तोड़ा गया। इसके अतिरिक्त मौजा कोंट में भिवानी कोंट रोड़ पर फैली 01 अवैद्य कॉलोनी (09 एकड़) में लगभग 10 डीपीसी व 08 बिजली के खंभों को तोड़ा गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अवैद्य कॉलोनियों में प्लाटों एवं मकानों की खरीद फरोख्त ना करें। प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अपने खून-पसीने की कमाई को दांव पर ना लगाएं। केवल वैध कालोनियों में ही मकान या प्लाट खरीदें। विभाग को अवैध निर्माण को गिराने का अभियान जारी रहेगा।

### नवआगंतुकों परिचय कार्यक्रम का आयोजन

**बहल।** बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के जीडीसी महाविद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए नवआगंतुक परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्थान के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संस्थान के नियमों की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी को लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। मंगलवार को जीडीसी कॉलेज के एमके चौधरी सेमिनार हाल में आयोजित कार्यक्रम में जीडीसी प्राचार्य व संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा मुख्यातिथि रहे।

## गांव बिलावल की बेटी अवनी जांघू ने बैंकॉक में चमकाया भारत का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

■ टेबल टेनिस टूर्नामेंट में हासिल किया दूसरा स्थान

गांव बिलावल की उभरती हुई टेबल टेनिस खिलाड़ी अवनी जांघू ने दस से 14 सितंबर तक बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित डब्ल्यू.टी.टी. टेबल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया।

अंडर-11 आयु वर्ग में अवनी ने बेहतरीन खेल कौशल और अदम्य जज़्बे का परिचय देते हुए चीन, पुर्तगाल, जॉर्डन, ऑस्ट्रेलिया, कतर, थाईलैंड, हांगकांग और जापान की टेबल टेनिस खिलाड़ियों को मात दी और प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया।

खास बात यह है कि यह अवनी का मात्र एक महीने के अंदर दूसरा अंतरराष्ट्रीय पदक है। इससे पहले भी उन्होंने कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में अपने शानदार प्रदर्शन से प्रभावित किया है और अनेक पदक जीते हैं। अवनी के पिता अरुण जांघू ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धी से पूरे गाँव में खुशी का माहौल है। परिवार, कोच और खेल जगत से जुड़े लोगों ने भी कहा कि अवनी की मेहनत और समर्पण ही उन्हें लगातार नई ऊँचाइयों तक ले जा रहा है। अवनी का लक्ष्य आने वाले समय में और भी बड़े मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व करना और पदक दिलाना है। इस दौरान सरपंच अनिल कुमार, जोगेंद्र मास्टर, राजेश, अमित, वीरेंद्र प्रमोद, नवीन आदि ग्रामीणों ने अवनी को बधाई दी।

## सत्तर शिक्षकों को किया सम्मानित

■ हमारा अपना फाउंडेशन ने हिंदी दिवस पर दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हमारा अपना फाउंडेशन ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भिवानी ब्लॉक के सभी विद्यालयों से लगभग 70 हिंदी विषय के शिक्षकों को सम्मानित करने का एक गरिमामय आयोजन किया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल गौड़ ने अध्यक्षता की और अपने सारगर्भित उद्बोधन से समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर राजेश जैन , रिटायर्ड प्रिंसिपल और हिंदी शिक्षक ने अपने



ओजस्वी वक्तव्य में हिंदी दिवस के महत्व और इसकी शुरुआत के बारे में विस्तार से बताया और हिंदी भाषा की गरिमा और महत्ता पर प्रकाश डाला। वर्धमान ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक और हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन ने भी हिंदी के महत्व और युवाओं के मन को आकार देने में शिक्षकों की भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। फाउंडेशन से मनोज शर्मा , शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख, ने हिंदी भाषा के दैनिक जीवन में उपयोग की महत्ता पर जोर दिया और अपने प्रवाहपूर्ण और ओजस्वी हिंदी भाषण से कार्यक्रम का संचालन किया। शिक्षकों को हिंदी में पांच पंक्तियाँ बोलने का अवसर दिया गया, जिसमें एक भी अंग्रेजी शब्द का उपयोग नहीं करना था। विजेता को वर्धमान ज्वैलर्स द्वारा प्रायोजित एक सुंदर और आकर्षक शुद्ध चांदी के फोटो फ्रेम से सम्मानित किया गया। सभी शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनकी सेवाओं का अभिनंदन किया गया। अपने धन्यवाद प्रस्ताव में फाउंडेशन के सीईओ एस. के. सिंह ने प्रवेश गौतम को धन्यवाद दिया, जिन्होंने कार्यक्रम के लिए निरंतर प्रयास किया और अपनी मेहनत से इसे सफल बनाया।

## मात्र तीन सौ किसानों को मिली खाद

■ आपूर्ति कम होने व जरुरत अधिक होने पर किसानों को संभालने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

रबी सीजन शुरू होने को है किसान डीएपी खाद लेने के लिए अभी से बड़ी संख्या में किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है वहीं सरकार कभी आनलाइन तो कभी आधार कार्ड पर डीएपी देने का दावा तो करती है लेकिन धरातल पर किसानों को सुबह चार बजे लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मंगलवार को एक हजार किसानों में से मात्र तीन सौ किसानों को डीएपी बैग



मिलने पर किसानों से बवाल काटा।

उपमंडल क्षेत्र में रविवार व मंगलवार सुबह पहुंची डीएपी को पाने के लिए रविवार सुबह से ही सहकारी समितियों के खरीद केन्द्रों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आपूर्ति कम होने व जरुरत अधिक होने पर किसानों को संभालने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। एक माह बाद ही रबी सीजन की सरसों बिजाई का उपयुक्त समय होने के कारण किसानों को तत्काल प्रभाव से डीएपी की आवश्यकता है जिस पर सहकारिता विभाग ने सितंबर माह में दस हजार बैगों की आपूर्ति की लेकिन उसके बाद रोहतक आपूर्ति केन्द्र से शनिवार शाम तक सहकारी समिति बाढड़ा में 975 बैग, सहकारी समिति बेरला में500 बैग, नांधा में 500 बैग, कारी धारणी, डाढीबाना, हुई में500 बैग, कादमा में 500 बैग, जेवली में 500, चांदवास में 500 बैग, सहकारी समिति बधवाना में 500 बैग, सहकारी समिति झोझूकलां में 500 बैग, सहकारी समिति बेरला में 500 बैग आपूर्ति किए गए हैं।

## करीब डेढ़ दर्जन गांवों की जलभराव से संबंधित समस्याएं सुनीं

# पानी निकासी को लेकर सांसद ने लिए ग्रामीणों के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिले में मानसून के दौरान हुए जलभराव की समस्या का स्थाई हल निकालने को लेकर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह मंगलवार को गांव धनाना स्थित जाटू खाप चबूतरे पर पहुंचे। उन्होंने यहां पर गांव धनाना के अलावा एकत्रित करीब डेढ़ दर्जन गांवों के लोगों से उनके आबादी क्षेत्र व खेतों से पानी निकासी के सुझाव लिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सबसे पहले गांवों के आबादी क्षेत्र से बरसात के पानी की निकासी जल्द से जल्द की जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जलभराव से फसलों व मकानों आदि में हुए नुकसान का सर्वे निष्पक्ष होना चाहिए ताकि प्रभावित व्यक्ति की भरपाई हो सके। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक और एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे।

जिले के करीब 50 से अधिक गांव जलभराव से प्रभावित हैं। सांसद धर्मबीर सिंह ने पानी निकासी को लेकर 16 व 17 सितंबर को ग्रामीण के बीच जाकर व उनके



**भिवानी।** सुझाव लेने के बाद लोगों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

सुझाव लेने का कार्यक्रम तय किया। इसी कड़ी में मंगलवार को सांसद गांव धनाना के जाटू खाप चबूतरे पर पहुंचे। यहां धनाना के अलावा गांव तिगड़ाना, घुसकानी, मिताथल, गुजरानी, चांग, सैय, बडेसरा, धनाना, तालु, जताई, मुंढाल, सिवाड़ा, कुंगड़, भैणी, पुर, प्रेम नगर व मंढाणा के लोग एकत्रित हुए। सांसद ने सभी गांवों के प्रतिनिधियों से उनके गांवों में बनी जलभराव की समस्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पानी निकासी को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध लोगों से सुझाव भी लिए। उन्होंने मौके पर ही मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों से धरातल पर अमलीजामा पहनाने बारे राय ली।

**आज भी लेंगे सुझावः** सांसद धर्मबीर सिंह 17 सितंबर को तोशाम रेस्ट हाउस में तोशाम, बापोडा, दिनोद, बीरण, ढाणी बीरण, रिवासा ढाणी, रिवासा, दांग कला, दांग खुर्द, सागवान, किरावड, भूरटाना, खानक एवं बागनवाला में जलभराव और पानी निकासी की समीक्षा करेंगे। 17 सितंबर को ही सांसद रेस्ट हाउस बवानीखेड़ा में कस्बे के अलावा खेड़ी, बड़सी, जीताखेड़ी, मिलकपुर, सिकंदरपुर, सज्जनपुर, ढाणी कुशाल, पपोसा, जमालपुर, सीपर, बोहल, लोहारी जाटू, सुमडा खेड़ा, सुई एवं प्रेम नगर में जलभराव और पानी निकासी की समीक्षा करेंगे। इस दौरान वे ग्रामीणों की जलभराव से संबंधित समस्याएं भी सुनेंगे।

### 43 हजार 644 किसानों ने फसल में नुक्सान का क्षतिपूर्ति पोर्टल पर करवाया दर्ज, वेरिफिकेशन जल्द

■ उपायुक्त बोले फसल वेरीफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल की राजस्व व अन्य संबंधित अधिकारियों को जिला में जलभराव के कारण किसानों की खरीफ फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जल्द से जल्द वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जैसे पटवारी, कानूनगो, सर्कल राजस्व अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी व एसडीएम तुरंत प्रभाव से किसानों द्वारा दर्ज की गई फसल खराबे की वेरिफिकेशन अति शीघ्र करवाएं। पर निर्धारित मानकों के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। फसल वेरीफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीसी डॉ. नागपाल ने निर्देश देते हुए कहा कि अत्यधिक बारिश से अनेक गांवों में फसलें खराब हुई हैं। खराबे की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के निर्देश दिए, जिस पर 15 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते थे। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दर्ज फसलों की वेरिफिकेशन की जाए। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार भौरिया ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल व फसल खराबे बारे जिला की स्थिति रिपोर्ट बारे डीसी को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दादरी जिले 170 गांवों के 43 हजार 644 किसानों ने फसल में नुक्सान का क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाया है। इनमें से दादरी क्षेत्र के 95 गांव के 24844 किसानों ने खराबा, बौन्द कलां क्षेत्र से 21 गांव के 7323 किसानों ने और बाढडा में 54 गांव के 12 हजार 110 किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान दर्ज करवाया है।



## द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइब्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

**लाइफ Style**



# अनीत
## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।

नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

**हॉलीवुड मसाला**



## लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें'द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।



## बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



## पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




## जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

**टीवी मसाला**



## 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्टपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

### 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

## ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं। जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।

## जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट

### दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

#### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।



#### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।

### रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं

## साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

***मुंबई।** 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

#### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी'में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



#### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

#### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी'बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए जाएंगे पौधे

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीष नागपाल ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर मेगा पेड़ पौधों लगाने का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनसहयोग स्वयंसेवी संगठनों, स्कूलों और ईको क्लब की भागीदारी होगी।

### वातावरण को स्वच्छ रखने की ली शपथ

**भिवानी।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में 16 सितंबर से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ पर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली, जिससे कि हम सब स्वस्थ रह सकें।

### 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार

**भिवानी।** हाल ही में हुई भारी बरसात के कारण पूरे प्रदेश में पानी निकासी न होने के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो चुके हैं। बरसात के पानी के कारण पूरे प्रदेश में 80 प्रतिशत किसानों की फसलें पानी खड़ा होने के कारण डूब कर बर्बाद हो चुकी हैं तथा कई गांवों में घरों में भी पानी खड़ा होने के कारण लोगों को भारी नुकसान हुआ सरकार इसकी भरपाई करे। यह बात युवा छात्र संघर्ष समिति के पूर्व प्रधान व समाजसेवी जितेन्द्र भोलू ने बाढ़ पीड़ित किसानों की सरकार से आर्थिक मदद की मांग करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा प्रदान करे ।

### विधायक ने आर्यवीरों का अभिनंदन किया

**बाढड़ा।** आर्य समाज भांडवा के 25 वें उत्सव में पधारने पर विधायक उमेद पातुवास का देश भर से आए आर्यवीरों ने अभिनंदन किया। विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि आर्य समाज के ज्ञान से समाज को संवारने की प्रेरणा मिलती है। हमें इससे जुडक़र समाज को नई दिशा दे सकते हैं। विधायक उमेद पातुवास ने आर्य समाज वार्षिकोत्सव सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मपाल शास्त्री से मैंने बहुत कुछ सीखा है। ये ज्ञानवर्धक पुस्तकें ही नहीं बांटते हैं बल्कि धर्मशिक्षा भी देते हैं।

### हर ग्रामीण स्वच्छता अपनाएं: वाल्मीकि

**चरखी दादरी।** आमजन अपने तरीके से राष्ट्र की सेवा करना चाहे तो वो स्वच्छता, पर्यावरण, जल संरक्षण जैसे तरीकों को अपनाएं और समाज में जागरूकता अभियानों में अपना सहयोग दें। सशक्त राष्ट्र का सपना तभी पूरा हो सकता है, जब हम सभी 140 करोड़ से अधिक भारतीय एक साथ मिलकर इस दिशा में आगे आए। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के माध्यम से इसका संदेश दिया की सफाई रखना हम सबका कर्तव्य है।

---

### जलभराव के नुकसान की एवज में जल्द मुआवजा देने की उठाई मांग

# ग्राम स्वराज किसान मोर्चा व गो किसान समृद्धि ट्रस्ट ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**जलभराव से हुए नुकसान से किसान व ग्रामीण मानसिक व आर्थिक संकट से गुजर रहे: खरेटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते ग्राम स्वराज किसान मोर्चा व गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

अत्याधिक बारिश व जलभराव ने तोशाम ब्लॉक के किसानों व ग्रामीणों के समक्ष गहरा संकट खड़ा कर दिया है। किसानों की फसलें बहकर बर्बाद हो गई। खेतों में कार्य रूक गया तथा कई ग्रामीणों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट ने मंगलवार को तोशाम के एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा व महासचिव रघुबीर भेरा ने कहा कि बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कृषि भूमि में जलभराव के कारण फसलें नष्ट हो गई, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है।

इसके साथ ही कई ग्रामीणों के मकान पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके चलते वे मानसिक एवं आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी नुकसान लगातार जारी है, जिससे समय पर मुआवजा न मिलने पर हालात और अधिक गंभीर होते जा रहे हैं, इसलिए मुआवजा आवेदन की अंतिम तिथि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर बढ़ाकर 30 सितंबर की जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों व प्रभावितों को लाभ मिल सके। उन्होंने सरकार से मांग की कि जलभराव प्रभावित प्रत्येक किसान को न्यूनतम 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। वहीं मकानों की क्षतिपूर्ति के लिए 35 लाख से 50 लाख रुपये तक का मुआवजा तत्काल देने की भी मांग की गई है। मोर्चा के संयोजक महेंद्र सिंह गोदारा व तोशाम हल्का अध्यक्ष ईश्वर बागनवाला ने कहा कि केवल गांव क्षेत्र ही नहीं, बल्कि ढ़ाणियों को भी समुचित सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर अनिल बागनवाला, राजपाल सिंह चाहर, राजबीर दुहन, जंगबीर अलखपुरा, मा. सावत सिंह थिलौड़, पवन कुमार, मनोज कुमार, श्रवण, अनिल सांगवान भेरा, ईश्वर सिंह बागनवाला, राजबीर, छोटू टाला आदि मौजूद रहे।*

---

### स्टॉप वोट चोरी अभियान

# युवा कांग्रेस ने गांवों में जाकर वोट सूची जांची



**भिवानी।** विशेष मतदाता सूची जांच अभियान चलाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोकतंत्र की रक्षा और चुनावी धांधली को रोकने के उद्देश्य से हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाए स्टॉप वोट चोरी अभियान को गांव-गांव तक जोर-शोर से शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में प्रदेश प्रभारी सत्यवान गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया के दिशा-निर्देशानुसार बवानीखेड़ा विधानसभा के तहत आने वाले गांव नाथुवास, सैय और खरक में एक विशेष मतदाता सूची जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे प्रदेश महासचिव अधिवक्ता डा. विकास कुमार ने बताया कि यह केवल एक सामान्य अभियान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा करने की एक महत्वपूर्ण लड़ाई है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य हर बूथ, हर गांव, हर गली तक पहुंचना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी वोट चोरी न हो। इस अभियान के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और वोटर लिस्ट में दर्ज नामों की गहन जांच की।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सुदर दलाल, दलबीर, जगजीत, सुभाष शर्मा, संजय शर्मा पूर्व बीडीसी चेयरमैन, शिव कुमार शर्मा, रत्न फौजी, पप्पू गुज्जर, राजेंद्र मास्टर आदि मौजूद रहे।

---

# बच्चों को फल वितरित किए

### महाराजा अग्रसेन के आदर्श समाज के लिए है प्रासंगिक : सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** जयंती महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए।

महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए श्री अग्रवाल सभा (रजि.) भिवानी द्वारा आयोजित 16 दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत मंगलवार को हांसी गेट स्थित श्रीराम पाठशाला में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल जयंती मनाना था, बल्कि महाराजा अग्रसेन द्वारा स्थापित सामाजिक समरसता और परोपकार के सिद्धांतों को भी जन-जन तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम में लाली देवी मामराज कोकड़ा चरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विवेक कोकड़ा व सारिका कोकड़ा ने सभा के साथ मिलकर बच्चों को फल वितरित किए। इस अवसर पर श्री अग्रवाल सभा (रजि.) के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का पाठशाला पहुंचने पर स्वागत किया गया। उन्हें महाराजा अग्रसेन के जीवन मूल्यों को आगे बढ़ाने के उनके प्रयासों के लिए स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण और समाज के प्रति सेवा भावना का प्रतीक था।

कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर कृष्ण कित्लानिया, दीपक तोंला, अनिल कुमार, श्री शिव कुमार, उमेश बंसल, विष्णु, सज्जन लुहरिवाला, ललित मित्तल जी चीनी वाले, लालित मित्तल कबाड़ी आदि मौजूद रहे।

### जटिल टैक्स प्रणाली को सरल बनाया : मुकेश

**चरखी दादरी।** जिला भाजपा कार्यालय चरखी दादरी ने 16 सितंबर को नेक्स्ट-जन जीएसटी रिफॉर्म्स के संबंध में भाजपा के प्रांतीय प्रवक्ता मुकेश कापड़ीवास ने पत्रकारवार्ता की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील इंजीनियर, जिला महामंत्री राष्ट्रदीप परमार व रविंद्र सिलगर, जिला कोषाध्यक्ष किदारनाथ सरोहा, जिला प्रमुख आईटी विभाग लीला राम हिंदुस्तानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता के दौरान प्रांतीय प्रवक्ता मुकेश कापड़ीवास ने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू कर भाजपा ने देश की जटिल टैक्स प्रणाली को सरल बनाकर अर्थव्यवस्था को एक सूत्र में जोड़ा था। उन्होंने कहा कि अब नए नेक्स्ट-जन जीएसटी सुधार उस दृष्टिकोण को और आगे बढ़ाते हुए लागत घटाने, छोटे व्यवसायों के लिए अनुपालन आसान बनाने और परिवारों को राहत देने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन उपयोग में आने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थ अब और सस्ते होंगे।

---

# कर्मचारियों को प्रताड़ित करना बंद करे अधिकारी

**चालक और परिचालक को नोटिस जारी हुआ**

▪ बस में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा रोडवेज वर्कस यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद

हरियाणा रोडवेज वर्कस यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, महासचिव पवन शर्मा ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि बीती 12 सितंबर को दिल्ली डिपो के महाप्रबंधक द्वारा चालक व परिचालक के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया कि आपने अपनी बस में क्षमता से अधिक सवारी बिठाई जिस कारण सवारियों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी और सवारियों की जान जोखिम में डाली। जिसमें कर्मचारियों को लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए। हरियाणा रोडवेज वर्कस यूनियन द्वारा इस पत्र का घोर विरोध कर निंदा की ।

यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद और महासचिव पवन शर्मा डिपो प्रधान अनिल फोजी राजेश शर्मा अनील नागर ने बताया कि विभाग द्वारा बार बार कर्मचारियों के ऊपर अनावश्यक पत्र जारी करके दबाव ओर प्रताड़ित किया जाता है ,जोकि गलत है हम इसका विरोध करते है एक तरफ तो विभाग कर्मचारियों से विभाग हित में आय प्रति किलोमीटर बढ़ाने का दबाव डालते है। दूसरी तरफ जब चालक परिचालक विभाग हित में सवारियों को बस में चढ़ाते है तो दोनों ही सूरत में कर्मचारियों को विभाग द्वारा नोटिस व चार्जशीट किया जाता है जोकि सरासर गलत है। उन्होंने आला अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि कर्मचारी जब ईमानदारी से काम करता है तो उनको इस तरह अनावश्यक प्रताड़ित न किया जाए और विभाग इस बारे में स्पष्ट निर्देश जारी करे, ताकि कर्मचारी अपने कार्य को बिना किसी दबाव ओर ईमानदारी से कर सके और रोडवेज के अधिकारियों से भी कहना चाहते है कि भविष्य में अगर कोई भी किसी कर्मचारी के खिलाफ शिकायत होती है तो उसकी जांच किए बगैर सीधे उसका निर्णय न करे। कर्मचारी दोषी पाए तो ही उसे चार्जशीट करे और अगर शिकायतकर्ता दोषी पाया जाता है तो कार्यवाही होनी चाहिए ।

---

# भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत और मनमोहक लीलाओं का किया मंचन



**चरखी दादरी।** पुराना बस स्टैंड पर श्रीकृष्ण लीला महोत्सव के छठे दिन लीला मंच पर भगवान श्रीकृष्ण की माखनचोरी की अद्भुत एवं मनमोहक लीलाओं का मंचन किया। इस लीला में दर्शाया गया कि बाल्यावस्था में भगवान कृष्ण अपने सखाओं संग गोकुल की गोपियों के घरों से माखन चुराकर स्वयं खाते और अपने मित्रों को भी खिलाते थे। गोपियों ने उनकी माता यशोदा से शिकायत की, लेकिन माता ने उन्हें समझाते हुए कहा कि जब नंद बाबा के घर पर ही नौ लाख गायें हैं, तो वह मक्कखन क्यों चुराएगा।

# 25 सितंबर को रोहतक में होने वाले सम्मान समारोह का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**तोशाम।** एकत्रित महिला व पुरुषों को संबोधित करती सुनैना चौटाला।

इनेलो नेता व महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने मंगलवार को तोशाम क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क कर 25 सितंबर को रोहतक में होने वाले सम्मान समारोह में शामिल होने का न्योता दिया। इस दौरान उन्होंने तोशाम में इनेलो नेता एवं किसान सेल के जिला अध्यक्ष अजीत बडेसरा के घर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने वाला यह समारोह पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय देवीलाल की जयंती पर आयोजित किया जा रहा है, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। सुनैना चौटाला ने गांव अलखपुरा, किरावड़, ढाणी किरावड़, तोशाम, खरकड़ी सोहन, लक्ष्मणपुरा, आलमपुर, थीलोड, पटौदी, सरल और बागनवाला में ग्रामीणों से मुलाकात की।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष तनुजा कश्यप जिला अध्यक्ष अशोक ढाणी माहू, वरिष्ठ नेता सुनील लांबा, हल्का प्रधान अनिल पंघाल बागनवाला, मुकेश महतानी, बिजेंद्र दूहन, स्याना भांजा, महिला अध्यक्ष सरोज श्योराण, रतिराम, विक्रम अलखपुरा, कृष्ण सरल, अशोक मलिक, जगराम, वीरेंद्र बामला, सोनू सागवान, मुकेश श्योराण आलमपुर, राजबीर नेहरा, शाहिद भगत सिंह युवा क्लब के प्रधान संदीप पंघाल, मास्टर मानसिंह आलमपुर, प्रविन्द्र ठेकेदार, रविंद्र धारण, राजवीर पिलानिया, मुकेश खरकड़ी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।*

### श्रीमदभागवत कथा महापुराण का आयोजन

# गृहस्थी के कंधों पर होते हैं बहुत सारे भार: भारद्वाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पितृ पक्ष पर हनुमान जोहड़ी तालाब (सरोवर) में भव्य पितर तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया हुआ। बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में हो रहे कार्यक्रम में पितरों को श्रद्धांजलि देने और उनका तर्पण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

इस मौके पर मंदिर में श्रीमदभागवत कथा महापुराण का भी आयोजन किया जा रहा है। पुजारी ध्यानदास महाराज ने बताया कि कथा का वाचन विद्वान कथावाचक विजय भारद्वाज कर रहे हैं। कथा के दौरान उन्होंने भगवान शिव और मां भगवती के प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। भारद्वाज ने अपने प्रवचन में गृहस्थ जीवन से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताईं, जिन्हें उन्होंने गृहस्थी के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा कि जब किसी दंपति के बीच कोई तीसरा व्यक्ति आ जाता है, तो रिश्ते में खटास, कड़वाहट और कलह शुरू हो जाती है। रिश्ते को शीशे के समान नाजुक बताते हुए उन्होंने कहा कि थोड़ी सी भी गलती रिश्तों को तोड़ने लगती है। उन्होंने बताया कि गृहस्थी के कंधों पर बहुत सारे भार होते हैं, जिन्हें सही समझ और तालमेल के साथ निभाया जा सकता हैं।

---

# जल निकासी के लिए जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जनसंघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में जलभराव निकासी को लेकर डाबर कालोनी गली नंबर-26 के सामने कालोनी वासियों ने जिला प्रशासन जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा मांग की है कि उक्त कालोनी के 100 घरों के आसपास बारिश के पानी तथा दोनों तरफ सड़क से पानी इकठ्ठा होने से जल भराव हो गया है। यह इकठ्ठा हुआ पानी बदबू मार रहा है, जिसके कारण कालोनी वासी घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे तथा स्कूली बच्चों को आने जाने में भारी परेशानी हो रही है। जनसंघर्ष समिति के संयोजक व माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश, समिति नेता करतार ग्रेवाल ने जलभराव से पीड़ित कालोनी का दौरा किया तथा कालोनी पार्षद अनिल कुमार को साथ लेकर जल भराव की स्थिति का जायजा लेते हुए पता लगा कि इस कालोनी का जलभराव की निकासी पाइप लगाकर ट्रैक्टर या मोटर से जुई नहर में डालने से ही संभव होगी।

---

### असेसमेंट के आयोजन पर अधिकारियों ने टीम की जमकर की सराहना

# बच्चों के शिक्षा स्तर को ऑनलाइन मोबाइल एप पर दर्ज किया

**दूसरी व तीसरीके विद्यार्थियों सेंसस बेस्ड ग्रुपिंग एक्सरसाइज में अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। बच्चों का शिक्षा का स्तर जांचते हुए। फोटो : हरिभूमि

भिवानी जिले के तमाम खंडों में राज्य स्तरीय निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत सभी प्राथमिक विद्यालयों में दूसरी व तीसरी कक्षा के लिए सैंसस बेस्ड ग्रुपिंग एक्सरसाइज जो एक डायग्नोस्टिक एक्सरसाइज थी परीक्षा नहीं जिसमें शिक्षा विभाग की पूरी टीम ने अपनी अहम भूमिका अदा की। पूरी टीम में टीजीटी, पीजीटी द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों के शिक्षा स्तर को ऑनलाइन मोबाइल एप पर दर्ज किया। प्रत्येक छात्र का हिन्दी पठन एवं गणित स्तर का मूल्यांकन करना- भिवानी डीपीसी विनय कुमार जिंदल ने विभाग के आदेशानुसार विद्यालयों का निरीक्षण किया और बताया कि इसका उद्देश्य प्रत्येक छात्र का हिंदी पठन एवं गणित में आधारभूत स्तर पर मूल्यांकन कर उनका अधिगम स्तर की पहचान करना तथा शिक्षकों को अधिगम परिणामों में सुधार करने में सहयोग देना है। यह एक्सरसाइज प्रत्येक बच्चे के लिए विद्यालयों को उपचारात्मक कदम योजना बनाने में सहयोग प्रदान करती है। इसी को लेकर भिवानी जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में असेसमेंट करवाया गया।

**सैंसस बेस्ड ग्रुपिंग एक्सरसाइज में संभाला मोर्चा**

भिवानी जिले के तमाम खंडों के राजकीय विद्यालयों में आयोजित सेंसस बेस्ट ग्रुपिंग एक्सरसाइज में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, सभी डीएसटी सदस्य, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक एफएलएन सुनीलकमार, सीआरसी मुखिया, एबीआरसी, बीआरपी ने अपनी अहम भूमिका अदा की और इसे सफल बनाने का कार्य किया

**बिना खर्च किए सफल आयोजन**

किसी भी असैसमेंट या अन्य में विभाग को कुछ राशि व्यय करनी पड़ती है लेकिन ऐंसस बेस्ट ग्रुपिंग एक्सरसाइज में किसी प्रकार के कागज से लेकर कलम शाही तक का खर्च नहीं आया और अधिकारियों व कर्मचारियों के कारण बिना खर्च के इसे कामयाब बनाया गया। जिसमें दूसरी व तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का हिंदी व गणित का आकलन किया और यह सेंसेस बेस्ट ग्रुपिंग एक्सरसाइज के तहत किया गया इसका प्रमुख उद्देश्य आधारभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान में विद्यार्थियों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और हर विद्यार्थी के लिए विद्यालय को उपचारात्मक कदम योजना बनाने में सहयोग प्रदान करना रहा। ये परीक्षा न होकर डायग्नोस्टिक एक्सरसाइज होगी इसमें हर विद्यार्थी का पठन एवं गणित में आधारभूत स्तर का मूल्यांकन कर उनके अधिगम स्तर की पहचान करना और शिक्षकों को अधिगम परिणामों में सुधार करने में सहयोग देना है।

## खबर संक्षेप


बाढ़ड़ा। उपायुक्त मुनीश नागपाल को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी।

### बकाया मुआवजे के लिए डीसी से मिले किसान

**बाढड़ा।** भारतीय किसान यूनियन की चरखी दादरी जिला इकाई ने मंगलवार को जिला उपायुक्त से मुलाकात की और किसानों को फसल मुआवजा देने में आ रही देरी व अनियमितताओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने मौजूदा समय में अधिक बरसात, पूर्व में हुए बीमा क्लेम घोटाले और ओलावृष्टि से हुई भारी फसल क्षति और डीएपी खाद की किल्लत को प्रमुख मुद्दों के रूप में उठाया। प्रतिनिधिमंडल में भाकियू जिला प्रधान हरपाल भांडवा, महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, मास्टर विनोद मांढी, कमल सिंह हड़ौदी, रामअवतार लाड, आदि भाकियू नेताओं ने बताया कि इस रबी सीजन वर्ष 2025 सरसों की फसल को ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ था।

### तीव्र गति से करें जल की निकासी : डॉ. नागपाल

**चरखी दादरी।** पिछले दिनों हुई लगातार बारिश से शहर में जलभराव का जायजा लेने के लिए उपायुक्त डा मुनीष नागपाल ने आज विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला परिषद डॉ. वीरेंद्र अहलावत सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने मॉडल संस्कृति स्कूल, गौशाला रोड, लोहारू चौक, कबीर बस्ती क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

### बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर : अग्रवाल

**भिवानी।** जेसीआई भिवानी स्टार ने जेसीआई वीक का समापन दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के साथ दो सत्रों में किया, जिसमें सेवा और सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। ये आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की जेसीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में अपना घर आश्रम में प्रभुजनों की सेवा कर आश्रम को 11 पंखे भेंट किए।

### अवैध कचरा प्वाइंट पर नगर परिषद का चाबुक

# अलसुबह कचरा डालने वालों की फोटो खींचेगा नप कर्मी

ढाई करोड़ की लागत से सीवरों में डलेगी पाइप लाइन : भवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मंगलवार को नगरपरिषद का अवैध कचरा प्वाइंटों पर चाबुक चली। नगरपरिषद की चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह नप की अधिकारियों की टीम के साथ सराय चौपटा पहुंचे और वहां पर लोगों द्वारा बनाया गया अवैध कचरा प्वाइंट का सारा कचरा उठवाया और साथ ही वहां पर बुधवार अल सुबह से सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। अगर इस दौरान कोई व्यक्ति वहां पर कचरा डालेगा तो सफाई कर्मचारी पहले उसकी फोटो खिंचेगा और उसके बाद वहां कूडा डालने से रोकेगा।

दूसरी तरफ चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने उसी इलाके के सभी दुकानदारों को किसी के कचरा न डालने की हिदायत दी और साथ ही कहा कि वे अन्य लोगों को भी यहां पर कचरा डालने से रोके।


भिवानी। सराय चौपटा में अवैध कचरा प्वाइंट पर कचरा न डालने की नसीहत देते चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप।

#### सुबह चार बजे पहुंच जाएगा कर्मचारी

अवैध कचरा प्वाइंट को पूरी तरह से बंद करवाए जाने को लेकर नगरपरिषद पूरी तरह से गंभीर हो गई है। इसी क्रम में नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने सराय चौपटा में पहुंचकर अस्थाई कचरा प्वाइंट को बंद करवाया और वहां पर एक कर्मचारी की डयूटी तय कर दी है। यह कर्मचारी सुबह चार बजे पहुंच जाएगा और पूरे दिन वहीं पर तैनात रहेगा। किसी भी व्यक्ति को यहां पर कचरा नहीं डालने देगा। इनके अलावा अन्य जगहों पर लोगों द्वारा जबरन बनाए जा रहे अवैध कचरा प्वाइंटों को भी रोकने के लिए रणनीति तय की गई है। किसी भी इलाके में कोई अवैध कचरा प्वाइंट बनाए जाने की सूचना मिलती है तो वहां पर भी सफाई कर्मचारी नियुक्त करके लोगों को कचरा डालने से रोका जाएगा। शहर के बाजारों के बीच से निकल रहे बारिश व गंदे पानी की निकासी के नालों की जगह अब पाइप लाइन डाली जाएगी। इस पाइप लाइन पर करीब ढाई करोड रुपये की लागत आएगी। पाइप लाइन लगाने के बाद बाजार के मुख्य चौक पर इन पाइप लाइनों के मेनहोल बनाए जाएंगे।

#### अवैध कचरा प्वाइटों को कराएंगे बंद : भवानी

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर के किसी भी इलाके में अवैध कचरा प्वांइट नहीं बनने दिया जाएगा। अगर कहीं की कोई शिकायत मिलती है तो उसको तत्काल बंद करवाया जा रहा है। आज सराय चौपटा में एक अवैध कचरा प्वाइंट था। उसको बंद करवा दिया है और उस जगह पर एक सफाई कर्मचारी नियुक्त करवा दिया है। जो कि किसी भी व्यक्ति को कचरा नहीं डालने देगा। अंदरूनी शहर में जिन इलाकों में पानी की निकासी के लिए नाले बने है।

# पार्षदों ने एसई को सौंपा ज्ञापन

- पार्षदों ने जगत कॉलोनी के लिए एक अलग बूस्टर बनाने की उठाई मांग
- रामनगर कॉलोनी, जगत कॉलोनी में बनी पेयजल व सीवरेज समस्या : गुरेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

रामनगर कॉलोनी, जगत कॉलोनी, लेबर कॉलोनी व विजय नगर, पटेल नगर पिछले एक माह से बनी पेयजल सप्लाई व सीवरेज की सफाई की गंभीर समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।

इन क्षेत्रों में एक तरफ जहां गंदे और काले पानी की आपूर्ति की जा रही है, वही दूसरी तरफ सीवरेज की सफाई ना होने से सीवरेज ओवरफ्लो हो रहे है, जिससे क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को पार्षद सुदामा तंवर, मनीष गुरेजा ने अन्य पार्षदों को साथ लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रीक विभाग के अधीक्षक अभियंता (एसई) को ज्ञापन सौंपा तथा जल्द से जल्द समाधान की मांग उठाई। इस मौके पर उनके साथ पार्षद सुदामा तंवर, पार्षद अंकुर कौशिक, पार्षद जयवीर आदि मौजूद रहे।


भिवानी। पानी की मांग को लेकर एसई को मांगपत्र सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### पार्षदों को आश्वासन

पार्षद ने कहा कि इस बूस्टर के निर्माण से हर घर और हर गली में पानी पहुंच सकेगा और लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर पर एसई ने पार्षदों को आश्वासन दिया कि आगामी दो दिनों में उक्त समस्याओं का समाधान करवा दिया जाएगा, जिसके बाद नागरिको को समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना है, जिसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

### बिरोहड़ में विद्यार्थियों को लगाए टीके

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ में स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के सहयोग से टिटनेस टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया। अभियान पीएचसी बिरोहड़ की स्वास्थ्य टीम ने संचालित किया, जिसमें गीता, सुनीता, बबीता, सुमन एवं अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को टीटी इंजेक्शन लगाए।

कार्यक्रम की निगरानी विद्यालय प्राचार्या नमिता दास और निदेशक बलराज फौगाट ने की। इस अवसर पर प्राचार्या ने विद्यार्थियों को टीकाकरण के महत्व और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। स्कूल निदेशक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

# शिविर में 186 रोगियों की आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

**186 रोगियों का नेत्र परीक्षण किया**

गांव मौड़ी के शिव मंदिर परिसर में रविवार को हिन्दू मॉडल स्कूल के निदेशक सोमवीर जाखड़ के सौजन्य से निशुल्क आई चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डॉ. ईश्वर आई सेंटर रोहतक की टीम के डॉक्टरों द्वारा नेत्र जांच की। शिविर में डॉ. ईश्वर फोगाट, डॉ. रामचन्द्र की टीम ने 186 रोगियों का नेत्र परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर शिविर में चयनित 21 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के की सलाह दी गई। शिविर के सफल संचालन के लिए सोमवीर जाखड़ को सरपंच अनिल फोगाट, आदि का धन्यवाद किया।


आंखों की जांच करते चिकित्सक।

# पानी निकासी व्यवस्था की समीक्षा

- उपायुक्त ने जलभराव से निजात दिलाने के लिए अतिरिक्त मोटर लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

बरसात के कारण जिले में हुए जलभराव को गंभीरता से ले अधिकारी, समस्या को टालने की बजाय स्थाई समाधान खोजे ताकि आमजन जो किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

ये बात उपायुक्त डॉ मुनीष नागपाल ने कही। उपायुक्त जलभराव से निजात पाने के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।


चरखी दादरी। बैठक में पानी निकासी की व्यवस्था और समीक्षा करते उपायुक्त।

#### खेतों में खड़ा पानी तुरंत निकालें

डॉ नागपाल ने आज जल निकासी को लेकर कड़ा रवैया अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इस मामले को लेकर गंभीर है और उनके स्पष्ट निर्देश है जल्दी से जल्दी पानी निकासी की जाएं। उन्होंने कहा कि आवासीय क्षेत्रों और खेतों में जो पानी अभी तक खड़ा उसे तुरंत प्रभाव से निकालने के लिए और अधिक प्रयास करें जाए।

# महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं को धारण करें

- श्री अग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट ने महाराजा अग्रसेन जयंती के तहत की कार्यक्रमों की शुरुआत
- पहले दिन श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. ने अपना घर आश्रम में भेंट किया राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. ने 8 दिवसीय सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आगाज किया है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन द्वारा दिए गए परोपकार और समाजसेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। मंडल की प्रधान कांता बंसल के नेतृत्व में ये कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन दादरी गेट स्थित श्रीकृष्णा प्रणामी मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल की सदस्यों ने अपना घर आश्रम में रह रहे बेसहारा लोगों को सूखा राशन भेंट किया। इस दान में आटा, चावल, तेल, चीनी, चायपत्ती और दाल जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं, जिससे आश्रम के निवासियों को काफी मदद मिली।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में गरीबों में राशन वितरित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### पुष्प अर्पित किए

इस मौके पर सभी सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चेयरपर्सन सीमा बंसल व प्रधान कांता बंसल ने महाराजा अग्रसेन के परोपकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन ने हमें परोपकार का पाठ सिखाया था। एक सभ्य और समृद्ध समाज की स्थापना के लिए यह बेहद आवश्यक है कि हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलें और जरूरतमंदों की मदद करें। उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## मंत्री व सांसद के दबाव में अधिकारी नहीं लगा रहे अवैध कालोनियों पर रोक : चेयरपर्सन



**भिवानी।** जिला परिषद की चेयरपर्सन अनिता मलिक ने चीफ सेक्रेटरी, उपायुक्त भिवानी व डीटीपी को रिमाइंडर पत्र में अवैध कॉलोनियों की रोक के बारे में लिखा की सदन की बैठक में गांव की एग्रीकल्चर भूमि पर अवैध कॉलोनियों काटने पर रोक लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। मलिक ने कहा कि एग्रीकल्चर भूमि पर 100 गज, 500 गज के प्लॉट की रजिस्ट्री किस नियम के तहत की जा रही है। खेती योग्य भूमि पर रजिस्ट्री करने से सरकार के राजस्व को भी नुकसान हो रहा है व जिला परिषद को स्टाम्प ड्यूटी न मिलने का भारी नुकसान है। मलिक ने कहा कि इन भू माफियाओं ने खेतों के नाले भी तोड़ दिए है जिस पर पीपीडी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाए 1975 एक्ट की धारा 3,7,10 के तहत इन कॉलोनाइजर के ऊपर कार्यवाही की जाए किंतु अधिकारीगण मंत्री व सांसद के दबाव में कोई कार्यवाही नहीं कर रहे। जिसके तहत जिला परिषद मजबूर होकर हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगा। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि अधिकारी किस नियम के तहत कार्यवाही नहीं कर रहे कृपा इसकी जानकारी दें।

## मेगा ऑडिशन में सात स्कूलों के 387 प्रतिभागियों ने लिया भाग, 62 का चयन

**भिवानी।** महम रोड स्कूल में कौशिक नाट्य अकादमी भिवानी और चाणक्य कला मंच ने एकल नृत्य प्रतियोगिता कल के कलाकार के दूसरे सीजन के लिए मेगा ऑडिशन का आयोजन किया। मेगा ऑडिशन में जिले के सात विभिन्न स्कूलों से आए कुल 387 युवा प्रतिभागियों ने डांस का हुनर दिखाया और 62 प्रतिभाशाली कलाकारों का क्वार्टर फाइनल के लिए चयन किया गया।

मेगा ऑडिशन में सुबह के सत्र में बतौर मुख्यतिथि शिक्षाविद् मोहिनी मेहता ने शिरकत की और शाम के सत्र में दंत चिकित्सक यामिनी वर्मा ने शिरकत की। मेगा ऑडिशन के निर्णायकों में राष्ट्रीय कलाकार और दिल्ली से आईं अभिनेत्री नैना कौशिक, खुशबू कालरा और प्रसिद्ध नृत्य निर्देशक आनंद कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के साथ आयोजक मंडल के सदस्य पवन कौशिक व अनिल शर्मा वत्स ने मिलकर किया। अकादमी के अध्यक्ष पवन कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता उन प्रतिभागियों के लिए आयोजित की गई थी, जिन्हें पिछले ऑडिशन राउंड में चुना गया था। चयनित प्रतिभागी अब अक्टूबर में होने वाले क्वार्टर फाइनल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को एक लाख रूपये का इनाम मिलेगा।



# नगर पालिका उप-प्रधान बनी रीनू तंवर

- विधायक के निवास स्थान पर पहुंचकर करवाया मुंह मीठा
- शहर के विकास को चार चांद लगाने का काम करेंगे : तंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

कड़ी टक्कर के बाद विजय पताका लहराने वाली नगर पालिका उपप्रधान रीनू तंवर पत्नी बजरंग तंवर ने मंगलवार को विधायक कपूर वाल्मीकि के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका मुंह मीठा करवाया व उपस्थितजनों का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं रीनू तंवर के पति बजरंग तंवर ने बताया कि वार्ड की जनता ने उन पर विश्वास जताते हुए विजय दिलवाई और उनके हित में रहे पार्षदों ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है और वे उनको भूला नहीं पाएंगे। उन्होंने बताया कि वे विधायक के नेतृत्व में नपा प्रधान, सभी पार्षदों संग मिलकर शहर के विकास को चार चांद लगाने का काम करेंगे। उनके पक्ष में जिन पार्षदों ने मतदान नहीं किया वे उनसे भी खफा नहीं रहेंगी बल्कि साथ लेकर विकास कार्य में भागीदारी अदा करेंगी।


बवानीखेड़ा। विधायक के निवास स्थान पर मुंह मीठा करवाते हुए नपा उपप्रधान रीनू तंवर।

#### किास को लेकर कार्य जल्द

*वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि सभी को साथ लेकर चलेंगे और विकास मामले में शहर का नक्शा बदल देंगे। वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री ने भी कहा कि जल्द ही विकास को लेकर कार्य शुरू किए जाएंगे ताकि शहर की तस्वीर बदल सके।*

### पंचायत समिति 2.87 करोड़ का बजट स्वीकृत

**बाढड़ा।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में चेयरपर्सन दर्शना देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 2 करोड़ 87 लाख की लागत से ग्रामीण आंचल में नए पार्क निर्माण, गंदे जल की निकासी व सीवरेज एवं युवाओं के लिए तैयार व्यायामशालाओं में खेल सुविधाएं बढ़ाने से जुड़ी योजनाओं को स्वीकृति दी गई।

पंचायत समिति चेयरपर्सन दर्शना देवी की अध्यक्षता में संचालित पंचायत समिति की बैठक की कार्यवाही का संचालन बीडीपीओ मनोज कुमार ने किया। बैठक में खंड विकास के लिए संचालित योजनाओं पर चर्चा की तथा सदस्यों से अपने अपने वार्ड के लिए मांगपत्र पर सलाह करते हुए कार्यो पर प्राथमिकता के तहत परियोजनाओं का अस्टीमेट तैयार करवाने को हरी झंडी दी गई। इस दौरान पांच गांवों में आठ-आठ लाख की लागत से पार्क निर्माण करने का प्रस्ताव दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### भविष्य में प्रतियोगिताओं का होता रहेगा आयोजन

- बैडमिंटन एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक

**चरखी दादरी।** जिला चरखी दादरी बैडमिंटन एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रधान पंकज जैन ने की।

बैठक का संचालन संरक्षक एचसी गोदारा, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट सुरेश गोयल ने करवाया। एसोसिएशन प्रधान पंकज जैन ने कहा कि हीरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 9वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों का आभार जताया और भविष्य में ऐसे आयोजन करवाने का आश्वासन दिया। बपिछले सालभर में एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों व किए कार्यों की समीक्षा की।

**संबोधन** स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति वीरों का योगदान विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित

# स्वतंत्रता संग्राम की रीढ़ थे जनजातीय वीर : व्यास

- वनवासी कल्याण आश्रम के जनसेवी कार्यों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, यह जनजातीय वीरों के बलिदान का ही परिणाम है। उनके संघर्ष को इतिहास की किताबों में बहुत कम जगह मिली, लेकिन सच्चाई यह है कि उनका योगदान अतुलनीय है।

चाहे झारखंड का 'उलगुलान' आंदोलन हो, मध्यभारत का भील विद्रोह हो या फिर नागालैंड और मणिपुर के आंदोलन, हर जगह जनजातीय समाज ने अपनी मातृभूमि के लिए अंग्रेजों का सामना किया। हमें चाहिए कि हम उनकी गाथाओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाएँ और गर्व से कहें कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीर हमारी रीढ़ थे। यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी के राजनीतिक शास्त्र विभाग एवं वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा के युवा एवं विश्वविद्यालय आयाम के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के सभागार में स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति वीरों का योगदान विषय पर आयोजित विचार संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता उतर क्षेत्र संघ चालक एवं सुप्रसिद्ध सामाजिक चिंतक सीताराम व्यास ने युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से चलाए जा रहे जनसेवी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेवा एवं त्याग वनवासी कल्याण आश्रम का मुख्य ध्येय है।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए।

#### जानकारी दी

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कहा कि देश की आजादी में जनजातीय वीरों की अहम भूमिका रही हैं। हम सबको एकजुट होकर युवा वर्ग को उनके द्वारा किए गए साहसिक कार्यों से अवगत करवाना होगा। वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत अध्यक्ष अशोक जिंदल ने वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा चलाए जा रहे जनसेवी कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन कर रहे प्रो हरिकेश पंघाल ने वीर शहीदों पर स्वयं रचित कविता ा गाकर खूब वाहवाही लूटी।

#### ये रहे मौजूद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ पवन शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रांत युवा अध्यक्ष डॉ ए पी नायक,वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल,प्रांत विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ प्रोमिला सुहाग, वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत अध्यक्ष अशोक जिंदल, नगर अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल,वैश्य महाविद्यालय के राजनीतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ रत्न सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।